महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांकः 1253/ पी0ए0 / 2023 दिनांकः18/03/ 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषय— स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में पाठ्यक्रमवार / विषयवार कार्यरत शिक्षकों के सम्बन्ध में संलग्न प्रारूप के अनुसार सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 503 / पी0ए0 / 2022 दिनांक 06.09.2022 तथा पत्रांक 675पी0ए0 / 2022 दिनांक 02 / 11 / 2022 एवं पत्रांक 858 पी0ए0 / 2022 दिनांक 13 / 12 / 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समस्त महाविद्यालयों में संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमवार / विषयवार कार्यरत शिक्षकों का विवरण निर्धारित प्रारूप में (प्रारूप संलग्न) 10 दिनों के अर्न्तगत माँगा गया था। खेदजनक है कि उक्त सूचना / विवरण आपके महाविद्यालय द्वारा अद्यतन उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि कृपया अपने महाविद्यालय की उक्त सूचना विलम्बतम 10 दिनों के अन्तर्गत अनिवार्यतः उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उक्त अवधि में सूचना प्राप्त न होने पर यह समझा जायेगा कि आपके यहां संबन्धित विषय / पाठ्यक्रम में अनुमोदित शिक्षक कार्यरत नहीं हैं, और तब उपलब्ध सूचना के आधार पर ही शिक्षकों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। जिसकी परिणामतः जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि—

1. निजी सचिव मा0 कुलपति को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. उच्च शिक्षा अधिकारी।

कुलसचिव

प्रारूप

महाविद्यालय का नाम–

क्र0 सं0	शिक्षक का नाम	पिता का नाम	जन्म तिथि	महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि	विषय का नाम जिसमें नियुक्ति हुयी हो		शिक्षक का आधार न0 एवं बैंक खाते का विवरण	मोबाइल न0 एवं ई–मेंल	विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र संख्या व दिनांक सहित
					यू0जी0	पी0जी0			

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त प्रारूप में प्रस्तुत सूचना तथ्यों एवं सत्यता पर आधारित है इसमें कोई भी तथ्य छुपाया अथवा गलत प्रस्तुत नहीं किया गया है कोई भी तथ्य गलत अथवा असत्य पाये जाने की जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी और विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए स्वतन्त्र होगा।

प्राचार्य के हस्ताक्षर

नाम व मोहर सहित

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)

कुलसचिव